# सामयिक मूल्यांकन कसौटी

कक्षा : **6** **हिन्दी** सप्टेम्बर, 2020

समय : **1** घंटा अंक : **25**

---

(અ.નિ.: અધ્યયન નિષ્પત્તિ- **Learning Outcome**)

| अ.नि. : परिच्छेद को पढ़कर समझते हैं। |
|---|

## प्रश्न-1 **परिच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** (05)

अक्षरों की खोज के साथ एक नये युग की शुरुआत हुई | आदमी अपने विचारों और हिसाब-किताब को लिखकर रखने लगा, तब से मानव को 'सभ्य' कहा जाने लगा | आदमी ने जब से लिखना शुरू किया तब से 'इतिहास' आरंभ हुआ | किसी भी जाति या देश का इतिहास तब से शुरू होता है,जब से आदमी के लिखे हुए लेख मिलने लगते हैं | इस प्रकार इतिहास को शुरू हुए मुश्किल से छः हजार साल हुए हैं |

प्रश्न :

(1) मानव इतिहास का आरंभ कब से माना जाता है ?

(2) परिच्छेद पढ़कर 'असभ्य' शब्द का विलोम शब्द ढूँढिए |


(3) 'आरंभ होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए |

(4) मनुष्य अपने विचारों को किस प्रकार रखने लगा ?

(5) परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए |

| **अ.नि. :** चित्र के आधार पर 8 से 10 वाक्य लिखते हैं । |
|---|

## प्रश्न-2 **नीचे दिए गए चित्र का वर्णन करते हुए 8 से 10 वाक्य लिखिए |** (05)



प्रश्न - 2 (प्रज्ञाचक्षु विद्यार्थी के लिऍ)

गाँव के वातावरण का 8 से 10 वाक्यों में वर्णन किजीऍ |

| **अ.नि. :** शब्दकोश का उपयोग करते हैं। |
|---|

प्रश्न-3 **सूचना अनुसार उत्तर लिखिए**

(1) शब्दकोश क्रम के मुताबिक प्रथम स्थान में आनेवाला शब्द ढूँढिए। (01)

कक्षा , अजगर , मंदिर, मनुष्य

(2) शब्दकोश क्रम में लिखिए । (04)

(A) क्षमा, ज्ञानी, कागजात, गमला, अंबर,आँगन, कक्षा, मनुष्य

(B) भारती, कक्षा, मनोहर, रामायण, धन, जगत , अजगर , मंदिर

| **अ.नि.** : शब्दों और अंकों में 51 से 100 तक की गिनती का उच्चारण एवं लेखन करते हैं। |
|---|

**प्रश्न-4 निम्नलिखित अंकों को शब्दों में लिखिए।** (05)

(1) ५१ (2) ६९ (3) ७५ (4) ८९ (5) ९९

| **अ.नि.** : शब्द पर से वाक्य बना सकते हैं। |
|---|

**प्रश्न-5 निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।** (05)

(1) **उजाला** (2) **दीपक** **(3) सूरज** (4) **प्रकृति** (5) **मुस्कुराहट**

....................................